पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने भेंट की

लखनऊ: 14 जुलाई, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री राकेश गर्ग एवं सदस्यगण श्री शिव शंकर सिंह, श्री शंकर सिंह व सुश्री रेखा गुप्ता ने भेंट की और बोर्ड द्वारा अब तक किये गये कार्यों से उन्हें अवगत कराया।

राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब बोर्ड का गठन विधिवत पूर्ण हो जाने के बाद बोर्ड ने कार्य करना शुरू कर दिया है। उन्होंने इस बात पर भी संतोष व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने बोर्ड को समस्त आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा दी हैं और कर राजस्व संबंधी नीति विषयक बिन्दुओं पर नियमित रूप से विचार-विमर्श किया जा रहा है। उन्होंने नगरीय निकायों द्वारा अपने संसाधनों को बढ़ाये जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए यह विश्वास व्यक्त किया कि बोर्ड इस दिशा में सार्थक प्रयास करेगा और नगरीय निकायों के कर एवं करेत्तर संसाधन सृजन में एक विशेषज्ञ संस्था के रूप में अपनी पहचान व उपयोगिता सिद्ध करेगा।

श्री नाईक को बोर्ड के द्वारा अब तक किये गये कार्यों की एक पुस्तिका तथा उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड अधिनियम 2011 तथा नियमावली 2016 की एक पुस्तिका जो समस्त स्थानीय निकायों को माह जुलाई, 2017 में भेजी गई है, भी प्रस्तुत की गई। बोर्ड द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि वे नगर पालिकाओं की सम्पत्तियों का डिजिटाइजेशन कर उन्हें सार्वजनिक जानकारी के लिये वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य कर रहे हैं। बोर्ड द्वारा उत्तर प्रदेश शासन को अब तक उपलब्ध कराई गई संस्तुतियों के बारे में भी अवगत कराया गया।

अंजुम/ललित/राजभवन (267/22)

राज्यपाल
एक दृष्टि